खंड १२ संख्या २

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

बुधवार, तिथि २० मार्च १९५७

विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| अतारांकित प्रश्नोत्तर .. | १—२५८ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर .. | २५८—२६० |
| स्थगन प्रस्ताव सूचना (अस्वीकृत) .. | २६० |
| राज्यपाल के अभिभाषण पर वादविवाद .. | २६०—२७९ |


Vol. XII No. 2

# THE BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY DEBATES.

*Wednesday, the 20th March*, 1957.

CONTENTS.


| | PAGES. |
|---|---|
| Unstarred Questions and Answers .. | 1—258 |
| Starred Questions and Answers .. | 258—260 |
| Adjournment Motion [Notice *Disallowed*] .. | 260 |
| Discussion on the Governor's address .. | 260—279 |


नोट—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के पहले ऐसा (*) चिन्ह लगा दिया गया है।

NOTE—An asterisk (*) has been affixed against the names of those Ministers and Members who have not corrected their Speeches.

श्री हरिनाथ मिश्र—कौलरा, चेचक, प्लेग, राजयक्ष्मा (टी० बी०) को सरकार संक्रामक रोग समझती है और विहार म्युनिसिपल ऐक्ट की धारा २६४ ए० के अन्तर्गत कौलरा, चेचक, प्लेग और राजयक्ष्मा, अधिसूचनीय बीमारियां (नोटिफाऐबुल डिजीज) हैं।

(२) जैसा कि कहा गया राजयक्ष्मा म्युनिसिपल ऐक्ट के अन्तर्गत अधिसूचनीय बीमारी है।

रोह ग्राम में स्थित अस्पताल में वार्ड तथा नर्सों की व्यवस्था।

१२८। श्री चेतू राम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह वतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि थाना गोविन्दपुर, जिला गया के उत्तर हिस्से के रोह ग्राम में सरकारी अस्पताल है;

(२) क्या यह बात सही है कि उसके चारों तरफ करीब १० मील के अन्दर कहीं भी अस्पताल नहीं है और रोह अस्पताल में काफी मरीज इलाके से आते हैं जिनके ठहरने का कोई प्रबन्ध नहीं है और न मरीजों के लिये वार्ड बना है और न नर्स है जिससे कि मरीज लोग काफी परेशानी में पड़ जाते हैं;

(३) क्या यह बात सही है कि उस अस्पताल में दवा की भी कमी रहती है जिससे मरीजों को नहीं मिल पाती है;

(४) यदि खड (१), (२) और (३) के उत्तर 'हां' में हैं, तो क्या सरकार जल्द-से-जल्द उस अस्पताल में मरीजों को भर्त्ती होने के लिये वार्ड बनाने और नर्स भेजने का विचार करती है?

श्री हरिनाथ मिश्र—(१) वहां कोई सरकारी अस्पताल नहीं है। लेकिन रोह ग्राम में गया जिला बोर्ड का एक औषधालय है।

(२) प्रश्न के ऊपरी भाग का उत्तर नकारात्मक है। गोविन्दपुर और पकड़वड़वा औषधालय तथा नवादा अस्पताल रोह से आठ मील की दूरी पर हैं। रोह वाह्य रोगी औषधालय (आउटडोर डिसपेन्सरी) है। जहां रोगियों के भर्त्ती तथा ठहरने के प्रबन्ध का प्रश्न नहीं उठता। उक्त औषधालय में नर्स भी नहीं है।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(४) चूंकि यह जिला बोर्ड का औषधालय है इसलिये इसमें सरकार के वार्ड बनाने और नर्स भेजने का प्रश्न ही नहीं उठता।

मौलेश्वरी नामक तीर्थ स्थान पर पानी का इन्तजाम।

१२९। श्री सुखलाल सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिले के हनटरगंज थानान्तर्गत मौलेश्वरी नाम का एक तीर्थस्थान है जहां पर हर साल चैत रामनवमी, विजयादशमी और बसन्त पंचमी के अवसर पर बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमें लगभग डेढ़ हजार से पांच हजार